भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1861

02 अगस्त, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

समर्पित आयुष स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों की स्थापना

1861. श्री बस्तीपति नागराजू:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने इस तथ्य के मद्देनजर कि आयुष नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा देखभाल प्रदान कर नए भारत के सपने को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, आयुष्मान भारत मिशन के अंतर्गत समर्पित आयुष स्वास्थ्य और कल्याण केंद्र स्थापित करने हेतु कोई पहल की है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

<u>उत्तर</u>

आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग): आयुष मंत्रालय आयुष सिद्धांतों और प्रथाओं के आधार पर एक समग्र कल्याण मॉडल की स्थापना करने के उद्देश्य से राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के एक घटक के रूप में आयुष्मान भारत के तहत आयुष स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों (एएचडब्ल्यूसी) [जिसे अब आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) के नाम से जाना जाता है] के संचालन को क्रियान्वित कर रहा है। लोगों की जरूरतों के अनुरूप प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की विस्तारित श्रृंखला तक सार्वभौमिक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए मौजूदा उप-स्वास्थ्य केंद्रों/आयुष औषधालयों को आयुष स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों में बदलने की परिकल्पना की गई है। एनएएम के तहत, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों से उनके राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार, मौजूदा आयुष औषधालयों और उप स्वास्थ्य केंद्रों की कुल 12,500 इकाइयों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) के रूप में उन्नत करने की मंजूरी दी गई है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से प्राप्त रिपोर्टों के अनुसार, आज की तिथि तक 12121 आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) को कार्यशील बना दिया गया है। अनुमोदित और कार्यशील आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) की राज्य/संघ राज्य क्षेत्रवार स्थिति का विवरण **संलग्नक** पर दिया गया है।

*****

संलग्नक

आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) योजनाओं की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति

क्रम सं.	**राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का नाम**	**स्वीकृत आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)**	**कार्यशील आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष)**
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीप	6	6
2	आंध्र प्रदेश	126	126
3	अरुणाचल प्रदेश	89	89
4	असम	500	500
5	बिहार	294	113
6	चंडीगढ़	12	11

7	छत्तीसगढ़	400	400
8	दिल्ली	0	0
9	दादरा और नागर हवेली व दमण और दीव	1	1
10	गोवा	100	100
11	गुजरात	365	365
12	हरियाणा	538	506
१३	हिमाचल प्रदेश	740	740
14	जम्मू-कश्मीर	523	523
15	झारखंड	745	648
16	कर्नाटक	376	376
17	केरल	700	700
18	लद्दाख	0	0
19	लक्षद्वीप	7	7
20	मध्य प्रदेश	800	800
21	महाराष्ट्र	390	345
22	मणिपुर	15	15
23	मेघालय	45	22
24	मिजोरम	41	41
25	नागालैंड	49	49
26	ओडिशा	422	422
27	पुडुचेरी	4	4
28	पंजाब	158	158
29	राजस्थान	2019	2019
30	सिक्किम	18	18
३१	तमिलनाडु	650	650
32	तेलंगाना	421	421
33	त्रिपुरा	72	72
34	उत्तर प्रदेश	1034	1034
35	उत्तराखंड	300	300
36	पश्चिम बंगाल	540	540
कुल		**12500**	**12121**